115. निम्नलिखित में से किसको राजस्थान में 6वें वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?

(a) भँवरलाल शर्मा (b) प्रदयुम्न सिंह
(c) हेम सिंह शेखावत (d) मोहन कृष्ण बोहरा

संगणक भर्ती परीक्षा-2021 (19 दिसम्बर, 2021)

Ans. (b) – राजस्थान में 6वें वित्त आयोग के अध्यक्ष पूर्व वित्त मंत्री प्रदयुम्न सिंह को नियुक्त किया गया है। छठे वित्त आयोग का कार्यकाल 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2025 तक है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243(I) के अनुसार राज्य वित्त आयोग को राज्यपाल 5 वर्षों की अवधि के लिए गठित करता है।

116. राजस्थान के पाँचवें राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व के _______ प्रतिशत हिस्से का वितरण पंचायती राज संस्थाओं एवं शहरी स्थानीय निकायों को करना है।

(a) 7.182 (b) 8.182
(c) 10 (d) 12

LDC Exam 09.08.2018

Ans. (a) – राजस्थान के पाँचवे वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व के 7.182 प्रतिशत हिस्से का वितरण पंचायती राज संस्थाओं एवं शहरी स्थानीय निकायों को करना है। पाँचवे वित्त आयोग का गठन 30 मई, 2015 को डॉ. ज्योति किरण की अध्यक्षता में किया गया था। 6ठें वित्त आयोग के अध्यक्ष प्रघुम्न सिंह को नियुक्त किया गया है।

(vii) राजस्थान लोक सेवा आयोग

117. राजस्थान लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 का उद्देश्य है-

(a) पारदर्शिता लाना
(b) शिकायत निवारण तंत्र उपलब्ध करवाना
(c) सेवा प्राप्ति का अधिकार देना
(d) उपर्युक्त सभी

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (d) : राजस्थान राज्य सरकार ने 14 नवम्बर, 2011 को पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर लोक सेवा अधिनियम कि शुरूआत की। प्रारम्भिक अधिनियम में 15 प्रमुख सरकारी विभागों की 108 सेवाएं लागू थीं। इसका प्रमुख उद्देश्य पारदर्शिता लाना, शिकायत तंत्र प्रदान करना और सेवा प्राप्त करने का अधिकार प्रदान करना है। वर्तमान में स्थानीय स्वशासन विभाग की 11 सेवाओं सहित 18 विभागों से संबंधित 153 सेवाएं अधिनियम के अन्तर्गत आती है। अतः विकल्प (d) "उपरोक्त सभी" सही है।

118. राजस्थान लोक सेवा आयोग अपने कार्यों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है-

(a) विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष
(b) राष्ट्रपति के समक्ष
(c) राज्यपाल के समक्ष
(d) मुख्य सचिव के समक्ष

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (c) : राजस्थान लोक सेवा आयोग अपने कार्यों का वार्षिक प्रतिवेदन राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत करता है। संविधान के अनुच्छेद 323 के अनुसार आयोग प्रतिवर्ष अपने विविध कार्यकलापों यथा भर्ती, पदोन्नति, वरिष्ठता निर्धारण, अनुशासनात्मक कार्यवाही, अस्थायी सेवाओं की स्वीकृति तथा परामर्श सम्बन्धी सभी कार्यों का सम्पूर्ण विवरण राज्यपाल को प्रेषित करता है।
उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 315 में संघ व राज्यों के लिए एक लोक सेवा आयोग के गठन का प्रावधान है।

119. हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान का प्रमुख कार्य है–

(a) भर्ती (b) प्रशिक्षण
(c) सामाजिक विकास (d) जनगणना

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (b) : हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान का प्रमुख कार्य प्रशिक्षण है। जयपुर स्थित यह संस्थान राजस्थान सरकार का एक शीर्ष स्तर का राज्य प्रशिक्षण संस्थान है। जहाँ सिविल सेवकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

120. 1956 में राज्य पुनर्गठन के बाद किस समिति की सिफ़ारिश पर राजस्थान लोक सेवा आयोग को अजमेर स्थानान्तरित किया गया?

(a) सत्यनारायण राव समिति
(b) प्रशासनिक सुधार आयोग
(c) सादिक अली समिति
(d) इनमें से कोई नहीं

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (a) : राजस्थान लोक सेवा आयोग की स्थापना 22 दिसम्बर, 1949 को जयपुर में किया गया था। जिसे राज्य पुनर्गठन-1956 के बाद सत्यनारायण राव समिति की सिफारिश पर 1956 को अजमेर में स्थानान्तरित कर दिया गया।

121. राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्यों का कार्यकाल कितना होता है?

(a) 6 वर्ष
(b) 6 वर्ष अथवा 62 वर्ष की आयु, दोनों में पहले जो भी समाप्त हो
(c) 62 वर्ष की आयु तक
(d) 6 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु, दोनों में पहले जो भी समाप्त हो जाये

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018
उद्योग निरीक्षक भर्ती परीक्षा- 2018 (24 जून, 2018)

Ans. (b) – राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष या 62 वर्ष की आयु तक होती हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद-316 में संघ लोक सेवा आयोग तथा राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति एवं कार्यकाल से सम्बधित प्रावधान किये गये हैं।

122. राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्यों की संख्या और सेवा शर्तों का अवधारण कौन करता है?

(a) राज्यपाल (b) राष्ट्रपति
(c) राज्य विधानसभा (d) मुख्यमंत्री

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015